## झीलों के संरक्षण के संबंध में बैठक

**झुंझुनूं,** (निसं)। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट रामावतार मीणा की अध्यक्षता में जिले में झीलों के संरक्षण और विकास के संबंध में नगरीय निकायों के अधिशाषी अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। स्वायत शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देशों की पालना करवाने के संबंध में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर रामावतार मीणा ने नगरीय निकायों की परिसीमा में आने वाले जल स्त्रोतों एवं झीलों की वस्तु स्थिति की सर्वे रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यदि नगरीय निकाय में कोई जल स्त्रोत अथवा झील राजस्थान झील (संरक्षण एवं विकास) प्राधिकरण अधिनियम 2015 के अंतर्गत आती है, तो निर्धारित प्रारूप में सर्वे तथा रिपोर्ट तैयार कर प्रस्ताव आयुक्त नगर परिषद झुंझुनूं के माध्यम से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। वहीं नगर पालिका खेतड़ी के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खेतडी नगर पालिका में स्थित पन्नालाल शाह तालाब का तैयार किया गया सर्वे पुन: निर्धारित प्रारूप के अनुसार तैयार कर प्रस्ताव भिजवाएं। इस दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण 2024, भूमि आवंटन संबंधी मुद्दों आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, एक्सईएन वेदपाल गोदारा, गुढ़ागौड़जी नगर पालिका ईओ अभिषेक बिजारणिया, नवलगढ़ नगर पालिका ईओ नवनीत कुमार सहित कनिष्ठ अभियंतागण मौजूद रहे।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक सहारण ने रामा-श्यामा की

**चूरू,** (कासं.)। दीपावली पर्व पर आज राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला आदि वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में मौजासिया चौक से सुभाष चौक तक व्यापारियों एवं आमजन से दीपावली की रामा-श्यामा की।

इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने शहर के व्यापारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं उनके हाल चाल जाने। इस दौरान व्यापारियों व आमजन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ से रामाश्यामा करने की होड़ लगी रही। इस मौके पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, नरेन्द्र सैनी, सत्तार खान, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष जांगिड़, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, दौलत तंवर, मुरलीधर शर्मा, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, प्रधान दीपचन्द राहड़, डॉ. भंवर अजीत सिंह शेखावत, हेमसिंह शेखावत, सुशील लाटा, महेश मिश्रा, बाबू टेलर, जयपाल सिंह टकणेत, राकेश ओझा, मुकेश ओझा, विजय शर्मा, दिनेश शर्मा, कालू महर्षि, ओम इन्दोरिया, रामचन्द्र शर्मा, विमल जोशी, सीपी शर्मा, गोपाल बालाण, अख्तर खान, कपील रक्षक, आदिल खान, राकेश शर्मा, रमेश शर्मा, रजत शर्मा, मुकेश सैनी, लवनिश बोयठ, असलम डायर, सुनील भाउवाला, सचिन जांगिड़, श्रीराम पीपलवा, सुनील ढाका, अश्विनी बुडानिया, हनुमान माटोलिया, दुर्गादत्त चंदेल, आकाश सैनी, प्रकाश नायक, सुरेश प्रजापत, सोहन सहारण, नंदू मोजासिया, आन्नद रैगर, जाकिर खान, योगेश गौड़, विष्णु सोनी, नितिन बुन्देला, कर्ण शर्मा, बंशीधर बाल्मिकी, नितिन हटवाल, गोपाल शर्मा, दयालसिंह निर्बाण, श्याम बुच्ची, भागीरथ सैनी, मनोज तंवर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला आदि मुख्य बाजार में दीपावली की रामा-श्यामा की।**

## एकता का संदेश दिया

**चिड़ावा** (निसं)। राजकीय उप जिला अस्पताल, चिडावा में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके प्रारंभ में पीएमओ डॉ.सुमनलता कटेवा ने अस्पताल कर्मचारियों-अधिकारियों और मरीजों को एकता दिवस से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए राष्ट्रीय एकता की भावना बहुत जरूरी है। देश की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति पारदर्शिता से भागीदारी निभाते हुए देश की एकता और सुरक्षा मजबूत कर सकता है। उन्होंने कहा कि आमजन में एकता, अखंडता और आतंरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जन-जन तक राष्ट्रिहत का संदेश पहुंचाने की जरूरत है। प्रारंभ में नर्सिंग अधीक्षक रणसिंह डैला ने स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। जिसमें डॉ.रघुवीर सिंह मील, डॉ.नरेंद्र तेतरवाल, डॉ.संदीप शर्मा व नर्सिंग विद्यार्थियों ने सहयोग दिया।

# दूषित मिठाई नष्ट करवाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। दीपावली के त्योहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध करवानी के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलेक्टर झुंझुनूं एवं सीएमएचओ डॉ. दयानंद सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को गुढागौडजी कस्बे में मिठाइयों की दुकानों का निरीक्षण कर 27 किलो दूषित मिठाई को नष्ट करवाया गया।

इसके अलावा मिल्क केक का एक, पनीर के दो व रसगुल्ला का एक खाद्य नमूना लेकर जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने पर आगामी कार्य की जाएंगे।


**कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**

क्रमांकः- नपाभा/भूमि/2024-25/2592 दिनांक :- 30.10.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री रामचन्द्र पुत्र श्री देशराज खीचड़ जाति जाट निवासी मुन्सरी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ द्वारा वार्ड नं. 08 में 984.63 वर्गफुट आवासीय भूखण्ड से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन के लिए पालिका में आवेदन किया गया है। इस पर किसी को कोई ऐतराज हो, तो 15 दिवस में कार्यालय समय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति मय सबूत प्रस्तुत करें। समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें।

**(कुलदीप), अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, भादरा**



**कार्यालय पंचायत समिति नवलगढ़, जिला-झुंझुनूं**

क्रमांक :- 16294 दिनांक :- 29.10.2024

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि पंचायत समिति क्षेत्र के सभी ग्रामीण निम्न कार्यों में अपना सहयोग एंव योगदान प्रदान करें।**

1. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपना सहयोग एंव योगदान प्रदान करें। 2. मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 2024 एंव इससे पूर्व में लगाये गये पेड़ो की देख-रेख करें। एक पेड़ मा के नाम अभियान में अधिक से अधिक पेड़ लगायें। 3. सभी सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें। 4. सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें। 5. शिक्षा से वंचित सभी बालक/बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन करावें। 6. बेटी बचाओं बेटी पढाओं अभियान को बढ़ावें। 7. प्रदुषण मुक्त यातायात साधनो का उपयोग करें।

प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग ना करें।
जूट/कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें।

पेड़ पौधे है ऑक्सीजन प्राण वायु के विपुल भंडार
प्रत्येक जीव, प्राणी मात्र का जीवन आधार

**पौधरोपण करने से पहले गड्डे की और बाद में पौधरोपण की फोटो जिओट्री एप पर अपलोड करें**

**-: जनहित में अपील :-**

- प्रत्येक व्यक्ति संकल्प लेकर अधिक से अधिक पेड़ लगायें।
- पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।
- अपने घरों में गार्डन विकसित करें व छायादार वृक्ष लगायें।
- घरों में उपयोग लिये गये पानी को पेड़ पौधों में डालने की व्यवस्था करें।
- बरसाती पानी का उचित प्रबंधन करें।
- पौलिथीन का उपयोग न करें।
- प्रदुषण मुक्त अवागमन के साधनों का उपयोग करें।
- कचरे को निर्धारित स्थान पर डालें एवं स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें।
- खुले में शौच ना करे, शौचालय बनवाएँ तथा उनका उपयोग करें।
- सार्वजनिक एवं निजी स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करें।

पेड़ हमें फल, छाया और जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं।

**दिनेश सुण्डा**
**प्रधान**
**पंचायत समिति नवलगढ़**

**महावीर प्रसाद**
**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति नवलगढ़**


## सार-समाचार

### मनोज मील ने उपभोक्ता आयोग सीकर का कार्यभार संभाला

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं के अध्यक्ष मनोज मील ने सीकर जिला उपभोक्ता आयोग का अतिरिक्त कार्यभार बुधवार को संभाला लिया है। राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के रजिस्ट्रार ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे। मनोज मील चूरू जिला आयोग का भी अतिरिक्त कार्यभार पहले से ही संभाल रहे हैं। इस मौके पर मनोज मील ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की मूल पवित्र भावना के अनुरूप उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय देने का सद्प्रयास जिला आयोग करेगा। मील ने कहा कि शेखावाटी इलाक़ा उपभोक्ता अधिकारों के मामले में जागरूकता रखता है। सकारात्मक रूप से पुरजोर कोशिश रहेगी कि न्याय होने के साथ ही न्याय होता हुआ भी दिखे, ताकि उपभोक्ताओं को अधिनियम की पवित्रता में सुरक्षा व संरक्षण हासिल हो सके। गौरतलब है कि मील के झुंझुनूं जिला आयोग के अध्यक्ष रहते हुए प्रदेश में सर्वाधिक प्रकरणों का निस्तारण जिला आयोग झुंझुनूं में हुआ है। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सदस्या ज्योति जोशी, सदस्य मोहम्मद शाकिर, पूर्व सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार जोशी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सीताराम स्वामी, जिला आयोग सीकर के अशोक कुमार सोनी, राकेश मूंड, गोपीराम जाट, भागीरथमल, रतनलाल मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को मिठाई बांटी

**झुंझुनूं,** (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में 30 अक्टूबर 2024 बुधवार को एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार के आर्थिक सौजन्य से इनके प्रतिष्ठान अंबिका क्रिएशंस चबूतरा चौक क्लॉथ मार्केट पर छोटी दीपावली के पावन पर्व पर जरूरतमंदों को मिठाई के पैकेट, दीपावली पूजन के लिए माता लक्ष्मीजी, गणेश जी और सरस्वती जी की फोटो व रोशनी के लिए मोमबत्ती के पैकेट दिए गए। इस अवसर पर जोन चेयर पर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, एमजेएफ लॉयन डीएन तुलस्यान, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, क्लब कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, लॉयन कैलाश सिंघानिया, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, अनिल राणासरिया, अंकित व अनुज पोद्दार सहित अन्यजन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के संयोजक लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार थे।

### आदर्श आचार संहिता की पालना के निर्देश

**झुंझुनूं,** (निसं)। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को सामान्य पर्यवेक्षक सदा भार्गवी आईएएस, पुलिस पर्यवेक्षक अशोक मलिक आईपीएस व व्यय अनुवेक्षण पर्यवेक्षक शक्ति ए आईआरएस की मौजूदगी में जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा व पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने कहा कि जिले में भयमुक्त व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिए। इस मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रत्याशियों के खर्चे से संबंधित नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य व स्वीप प्रभारी कैलाश चंद्र भी मौजूद रहे।

### विद्युतकर्मियों को बोनस मिला

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ की मांग एवं पहल पर विद्युत निगम लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा विद्युत कर्मियों के बोनस, वेतन, वर्दी, सोप डस्टर, इंसेंटिव सहित सभी देय भुगतान दीपावली पूर्व कर दिए गए। जिससे सभी विद्युत कर्मियों में हर्ष की लहर है। डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी ने बताया कि विद्युत श्रमिक संघ की मांग एवं पहल पर अजमेर डिस्कॉम प्रशासन द्वारा दीपावली उत्सव से पूर्व सभी देव भुगतान सभी वृत्त में कर दिए गए हैं। जिसके लिए सैनी ने निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया की विद्युत जिला प्रशासन द्वारा कर्मचारियों से संबंधित सभी भुगतान कर दिए गए हैं। साथ ही ड्यूटी के दौरान अघातक विद्युत दुर्घटना से पीड़ित कामगार नरेंद्र कुमार के क्षितपूर्ति राशि रुपए 17 लाख का भुगतान भी दीपावली पर्व पर कर पीड़ित के परिवार को राहत एवं तोहफा दिए जाने पर संगठन द्वारा निगम भुगतान अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अल्पसंख्यक मोर्चे ने दिवाली की बधाई दी

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की ओर से बुधवार को शहर के वार्ड नंबर तीन में स्थित लाल पहाड़ी में रहने वाले किन्नर समाज के लोगों के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू मुस्लिम कौमी एकता को ध्यान में रखते हुए किन्नर समाज की गुरु मां रूपा बाई, करीना, कोमल, मुस्कान व उनके सभी साथियों को छोटी दीपावली पर मिठाई बांट कर दीपावली का त्यौहार मनाया। साथ ही उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी और मदरसों में छोटी दीपावली के मौके पर दीवाली के दीप जलाए। इस अवसर पर मोर्चे के जिला मंत्री हाजी मोहम्मद अय्यूब, भाजपा नेता आजम राठौर, राशिद खान चिड़ावावाले, मोहम्मद आरिफ, अब्दुल जब्बार अब्बासी, साजिद रंगरेज, इकबाल खान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डेंगू मरीजों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। डेंगू रोकथाम गतिविधियां संचालित करने के बाद भी डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने विभिन्न स्थानों पर जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन किया और केस के बारे में फिजिकली जानकारी ली।

# महापुरूषों की मूर्तियों के सामने दीपक जलाए

- आयुक्त की ओर से महापुरूषों को भुला दिया गया था

**चूरू,** (कासं.)। नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने आज शाम चूरू शहर में लगी महापुरूषों की मूर्तियों के सामने दीपक जलाए। यहां आयुक्त की ओर से इन महापुरूषों को भुला दिया गया था। सभापति पायल सैनी ने कहा कि नगरपरिषद आयुक्त की ओर से महापुरूषों की मूर्तियों के समक्ष एक भी दीपक नहीं जलाया गया।

इस संबंध में उन्हें कई बार अवगत भी करवाया था, लेकिन आज तक कोई दीपक नहीं जलाया गया। इस पर आज शहर में लगी सभी महापुरूषों की मूर्ति स्थलों पर दीपक जलाकर रोशनी की गई। सभापति पायल सैनी ने कहा कि शहर में महापुरूषों की मूर्तियों को अंधेरे में नहीं रहने दिया जाएगा। सभापति ने कहा कि भाजपा के कथित नेता जो अनुसूचित जाति जनजाति व महापुरुषों के सम्मान की खोखली बातें करके राजनीति करते हैं, उनके मन में महापुरुषों को लेके किसी प्रकार का मान-सम्मान नहीं हैं। उन्हें अंधेरे में डूबी यह मूर्तियां तक दिखाई नहीं दी। इस दौरान डूँगर बाबा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय सारस्वता, अनीस खाऩ, रामेश्वर नायक, शकूर शेख, बाबू मंत्री, आकाश चंदेलिया, यूनुस खाऩ, तौफ़ीक़ खाऩ, प्रीत चावरियाँ, दिलीप सरवागी, हेमंत सैनी सहित पार्षदगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर सीएम बहड़ मार्ग व सीएम बहड़ सर्किल से आपणी योजना तक रोड़ लाइट नहीं जलने के मामले में पायल सैनी ने कहा कि इस ओर विधायक हरलाल सहारण को ध्यान देना चाहिए। गौरतलब है कि भालेरी रोड़ लम्बे समय से अंधेरे में डूबी हुई है। यहां दीपावली के मौके पर भी रोशनी नहीं हुई है। जबकि नगरपरिषद द्वारा शहर को रोशन करने का ढ़िंढोरा पिटा जा रहा है।

## फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों ने दमदिखाया

- योग सत्र में खिलाड़ियों को आहार के नियम बताए

**सीकर** (निसं)। कोलीडा खेल स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन बुधवार को फुटबॉल खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र में अपना दमखम दिखाया। सुबह के सत्र में भारत स्वाभिमान के योग शिक्षक रामस्वरूप शर्मा ने खिलाड़ियों को आहार के नियम बताए।

उन्होंने कहा कि खिलाडियों को पौष्टिक आहार पर ध्यान देना चाहिए। आहार के बाद पाचन क्रिया संपन्न होने के बाद चार घंटे के अंतराल के पश्चात ही शारीरिक व्यायाम करना चाहिए या खेल खेलना चाहिए।

खाना खाने के बाद तुरंत खेलने से पाचन क्रिया गडबडाने या शारीरिक परेशानियां होने की आशंका बनी रहती है। योग सत्र के अंत में हस्यासन करवाया गया।

झंडारोहण व राष्ट्रगान के बाद शारीरिक शिक्षक मोहरसिंह मील, मांगीलाल रेप्सवाल ने सीनियर टीम के खिलाडियों को होल्डिंग, ड्रिबलिंग, पासिंग, फिनिसिंग सहित अन्य खेल तकनीक का प्रशिक्षण देकर उनका खेल में उपयोग करना सिखाया। खिलाड़ी फरहान गौरी, रामपाल सिंह व मजीद धोबी ने 14 वर्ष तक के बच्चों को स्किल सिखाए। खिलाडियों को वार्मअप करवाया। इसके बाद ग्रुप्स को अलग अलग खेल कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। अंत में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी बृजमोहन मील ने योग निद्रा के माध्यम से कूलडाउन करवाया।

शाम के सत्र में वार्मअप के बाद ग्रुप्स के हाफ ग्राउंड मैच करवाए गए। इस दौरान खिलाड़ियों की गलतियों का निरक्षण कर उन्हें दुरुस्त करवाया गया। अंत में कूलडाउन के बाद राष्ट्रगान व झंडावतरण के साथ ही चौथे दिन के शिविर का समापन हुआ। इस दौरान सुरेश जाखड़, लालबहादुर शर्मा, रमेश सोनी, संदीप मील, प्यारेलाल जांगिड़, किरण मील सहित खिलाडी उपस्थित रहे।

## निरीक्षण किया

**चूरू,** (कासं.)। जिला मुख्यालय पर मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशन इंस्टीट्यूट निर्माणाधीन कार्यस्थल पर आज राजस्थान सरकार में वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ खानु खान बुद्धवाली राज्य मंत्री ने निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया व बेसमेंट, फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर का कार्य देखकर संतुष्टि जाहिर की। कार्यस्थल पर जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष आजम अली खान पिथीसर, संस्था के सचिव मौजूद रहे।

## चूरू नगरपरिषद के पार्षदों को 14 माह से मासिक भत्ता नहीं मिला

- चूरू में पार्षद मनाएंगे काली दिवाली
- सभापति पायल सैनी ने आयुक्त अभिलाषा सिंह को कटघरे में खड़ा किया
- भत्ता नहीं देने के मामले में आयुक्त अभिलाषा सिंह ने चुप्पी साधी

**चूरू,** (कासं.)। चूरू नगरपरिषद के पार्षदों को पिछले 14 माह से भत्ता नहीं मिला है। इस कारण से सभी पार्षदों में गहरा रोष व्याप्त है। मासिक भत्ता नहीं मिलने के विरोध में चूरू में पार्षद काली दिवाली मनाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार नगरपरिषद के 60 पार्षद हैं। प्रत्येक को हर माह 3588 रुपए भत्ता मिलता है, परन्तु पिछले 14 माह से उन्हें भत्ते के रूप में एक रुपया भी नहीं मिला है। पार्षदों ने कहा कि होली सुखी गई और अब दीपावली पर भी भत्ता नहीं मिला है। इतना ही नहीं बैठक के 690 रुपए भी नहीं मिले हैं। ऐसे में यहां के पार्षदों के पास काली दिवाली मनाने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है। इस संबंध में नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने कहा कि आयुक्त द्वारा पार्षदों के भत्ते के लिए चेक पर हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं। पायल सैनी ने कहा कि आयुक्त को बार-बार कह दिया है, उसके बाद भी भत्ता राशि जारी नहीं कर रही हैं। सैनी ने कहा कि दीपावली पर भी पार्षदों को भत्ता नहीं दिया गया है। इस प्रकार सभापति पायल सैनी ने आयुक्त अभिलाषा सिंह को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उधर इस संबंध में नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है।

पार्षदों को 14 माह से मासिक भत्ता नहीं देने के मामले में बार-बार पूछने पर भी वे हां या ना कुछ भी नहीं बोल रही हैं, जो कि सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात कही जा सकती है। पता नहीं नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह किस उधेड़-बुन में लगी हुई हैं। ये बात तो वे खुद ही बता सकती हैं, खुद ने मौन धारण कर लिया है। ऐसे में लग रहा है कि चूरू शहर का कोई धणी-धोरी नहीं है। जब पार्षदों को ही 14 माह से भत्ता नहीं मिल रहा है तो शहर के विकास का अंदाजा लगाया जा सकता है।


**कार्यालय पंचायत समिति, रतनगढ़ (चूरू)**

क्रमांक :- 4035 दिनांक :- 28.10.2024

**आम जन से अपील**

- दीपावली पर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए ग्रीन आतिशबाजी का प्रयोग करे।
- सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करे।
- जल शक्ति अभियान के तहत बरसाती पानी को व्यर्थ न बहने दे, बूंद-बूंद एकत्रित करें।
- अपनी ग्राम पंचायत, गांव, मोहल्ले व घरो के सामने स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर डालें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालयों का निर्माण करवाए एवं उनका उपयोग करें, स्वच्छता अपनाए।
- मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अन्तर्गत पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए एवं पर्यावरण संरक्षण बनाये रखे।
- जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवायें।
- ग्राम पंचायत की बैठक में भाग लेकर ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग प्रदान करें
- महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस का रोजगार हक से पायें।

**( जगदीश प्रसाद व्यास )**
**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति रतनगढ़**

**( मोहनी देवी खीचड़ )**
**प्रधान**
**पंचायत समिति रतनगढ़**

